काले कान्हा को कर देंगे

आओ आओ कृष्ण मुरारी,
तुमको ढूंढे राधे प्यारी,
लेकर हाथों में पिचकारी,
होली खेलेंगे मतवारी,
लेकर हाथों में पिचकारी,
होली खेलेंगे मतवारी,
काले कान्हा को कर देंगे,
कर देंगे लाल मिलके.........

राधे के संग सखियाँ आई,
देखो बना बना कर टोली
माई डियर मनमोहन,
तुम संग खिलेंगे हम होली,
आज जम कर उड़ाएं,
गुलाल मिल मिलकर,
काले कान्हा को कर देंगे,
कर देंगे लाल मिलके..........

नीला हरा गुलाबी पीला,
रंगों की भर भर करके झोली,
फूलो के है थाल सजाएं,
और संग में लाये है रोली,
आज रंग देंगे तुम्हे,
नन्द लाल मिल के
काले कान्हा को कर देंगे,
कर देंगे लाल मिलके.........

हम से कैसे आज बचोगे,
बोलो कहा छुपोगे कान्हाँ,
तुमको आज नही छोड़ेगे,
चाहे कर लो लाख बहाना,
भीमसैन हाल करदे बेहाल मिल के
काले कान्हा को कर देंगे,
कर देंगे लाल मिलके.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31444/title/kale-kanha-ko-kar-denge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |